**वेदांता और सीएफआई ने टूर-दे-थार का किया सफल समापन- एंड्योरेन्स का जश्न मनाया, #सायकल फॉर ज़ीरो हंगर को बढ़ावा दिया**

देश-विदेश से 800 से अधिक प्रतिभागियों ने थार रेगिस्तान की इस राईड में हिस्सा लिया, #सायकल फॉर ज़ीरो हंगर के तहत 1 लाख पोषण पैक्स में दिया योगदान

**नई दिल्ली, 24 नवम्बर, 2025**: भारत के अग्रणी एनर्जी ट्रांज़िशन मैटल्स, ऑयल एंड गैस, क्रिटिकल मिनरल्स, पावर एवं टेक्नोलॉजी सदन वेदांता लिमिटेड तथा सायक्लिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (सीएफआई) ने भारत की पहली डेज़र्ट एंड्योरेन्स सायक्लिंग रेस वेदांता टूर दे थार का सफल समापन किया। केन्द्रीय कानून एवं न्याय मंत्री श्री अर्जुन राम मेघवाल ने रेस को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया था, इस अवसर पर वेदांता की लीडरशिप के सदस्य, सरकारी अधिकारी एवं अन्य गणमान्य दिग्गज भी मौजूद रहे। तकरीबन 800 पेशेवर राइडरों, प्रशंसकों, एडवेंचर राइडरों और अंतर्राष्ट्रीय प्रतिभागियों ने राजस्थान के बीकानेर स्थित थार रेगिस्तान में आयोजित इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

वेदांता की #सायकल फॉर ज़ीरो हंगर पहल के माध्यम से प्रतिभागियों द्वारा राइड किए गए तकरीबन 1 लाख किलोटर को पोषण पैक्स में बदला गया, और 16 राज्यों में स्थित वेदांता के नंद घरों में बच्चों को पोषण से भरपूर सप्लीमेन्ट्स मुहैया कराए गए। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के साथ साझेदारी में विकसित 16 राज्यों के 10,000 नंदघर बच्चों को पोषण, शिक्षा एवं स्वास्थ्य सुविधाएं तथा महिलाओं को कौशल विकास एवं उद्यमिता के अवसर उपलब कराकर ग्रामीण भारत के जीवन में बदलाव ला रहे हैं।

वेदांता टूर दे थार के तहत सभी कौशल स्तरों के एथलीट्स को चुनौती देने के लिए कई कैटेगरीज़ में रेस आयोजित की गई थी। राइडरों ने 100 किलोमीटर और 200 किलोमीटर फोर्मेट में प्रतिस्पर्धा की, कई प्रतिष्ठित नेशनल एवं इंटरनेशनल एथलीट्स जैसे अशोक त्यागी (अंडर-23 नेशनल चैम्पियन), नमन कपिल (एशियन गेम्स के भारतीय प्रतिनिधी), नीलेश कुमार (कई बार नेशनल चैम्पियन, भारतीय सेना) तथा 240 से अधिक पेशेवर राष्ट्रीय सायक्लिस्ट भी शामिल हुए।

राजस्थान में खेल एवं स्थायी पर्यटन को बढ़ावा देने में कार्यक्रम की भूमिका पर बात करते हुए श्री अर्जुन राम मेघवाल, केन्द्रीय कानून एवं न्याय मंत्री ने कहा, ''वेदांता टूर दे थार एंड्योरेन्स स्पोर्ट्स के गंतव्य के रूप में राजस्थान की क्षमता को दर्शाता है, साथ ही इको-टूरिज़्म एवं सांस्कृतिक विरासत को भी बढ़ावा देता है। संसद खेल महोत्सव 2025 के तहत देश -विदेश के एथलीट्स का हिस्सा लेना, डेज़र्ट स्पोर्ट में बढ़ती रूचि को दर्शाता है। मैं सीएफआई और वेदांता की सराहना करना चाहूंगा जिन्होंने #सायकल फॉर ज़ीरो हंगर के माध्यम से एथलीट्स को समर्थन प्रदान करने के लिए यह मंच उपलब्ध कराया है।

बरनाली माहेला ने 100 किलोमीटर फीमेल चैलेंज में पहला स्थान हासिल किया, वहीं हर्ष पवार ने एमेच्योर कैटेगरी में 100 किलोमीटर मेल चैलेंज में पहला स्थान हासिल किया। अर्पिताकेतन पंड्या ने 200 किलोमीटर फीमेल चैलेंज में अपना दबदबा बनाया, वहीं अनूप पवार एमेच्योर कैटेगरी में 200 किलोमीटर मेल चैलेंज में सबसे आगे रहे। एलीट कैटेगरी में साहिल कुमार 100 किलोमीटर मेल कैटेगरी में पहले स्थान पर रहे, स्वस्ति सिंह 100 किलोमीटर फीमेल चैलेंज में पहले स्थान पर रहीं।

‘वेदांता टूर दे थार ने दर्शा दिया है कि जब खेल, स्थायित्व और सामुदायिक प्रयोजन एक साथ मिलते हैं, तो कुछ भी संभव है। #सायकल फॉर ज़ीरो हंगर पहल में योगदान इस संस्करण को और खास बनाता है, जहां हर किलोमीटर को नंद घर के बच्चों के लिए एक पोषण पैक में बदला गया। हमें गर्व है कि हमने ऐसे कार्यक्रम को समर्थन दिया है जो न सिर्फ मानव क्षमता को बढ़ावा देता है बल्कि अगली पीढ़ी को पोषण भी प्रदान करता है।’ वेदांता के प्रवक्ता ने कहा।

नोरंगदेसर से शुरू होकर बीकानेर के पास देशनोक में खत्म होने वाले इस आयोजन में साइकिल चालकों ने रेगिस्तान की तेज़ हवाओं, रेतीले ढलान और दिन के उंचे तापमान के बीच राइड किया। स्थानीय समुदायों को भी सांस्कृतिक कार्यक्रमों, हीट-सेफ्टी ओरिएंटेशन और रेगिस्तान की बायोडायवर्सिटी अवेयरनेस एक्टिविटीज़ में हिस्सा लेने का मौका मिला। ये गतिविधियां 10,000 से ज़्यादा लोगों तक पहुँची, जिन्हें इको-फ्रेंडली प्रयासों और 2 दिवसीय सस्टेनेबिलिटी एक्सपो के ज़रिए वेदांता के ग्रीन भविष्य के विज़न के साथ जुड़ने का मौका भी मिला।

100 किलोमीटर सोलो वीमेन्स डिवीज़न की विजेता बरनाली माहेला ने कहाः “पहला टूर दे थार यादगार बन गया है। रेगिस्तान ने हमारी हिम्मत की परीक्षा ली, वहीं स्थानीय सहयोग ने हमें आगे बढ़ने की हिम्मत दी। हमें गर्व है कि हमें भारतीय सायक्लिंग के भविष्य और #सायकल फॉर ज़ीरो हंगर के लिए रेस करने का मौका मिला है। इस चैलेंज के साथ जुड़ना बेहद रोमांचक अनुभव रहा।”

वेदांता टूर दे थार एक बदलावकारी पहल है, जिसने खेल, स्थायित्व, सामुदायिक सक्रियता एवं कल्याण पर केंद्रित सालाना डेज़र्ट एंड्योरेन्स इवेंट की नींव रखी है।

**About Vedanta Limited**

Vedanta Group is a global leader in critical minerals, transition metals, energy, and technology, with operations spanning India, South Africa, Namibia, Liberia, UAE, Saudi Arabia, Korea, Taiwan, and Japan. As the world’s largest integrated producer of zinc, the fourth-largest global producer of silver, and one of the top producers of aluminium globally, Vedanta plays a pivotal role in the global supply of essential materials for the energy transition. The Company is also India’s only private oil and gas producer and one of the largest private power producers. A global ESG champion, Vedanta is committed to achieving net-zero emissions by 2050 or sooner. Through its transformative social impact initiatives, the company has improved the lives of nearly 7 million people in underserved regions. For more information, please visit www.vedantalimited.com

**For any media queries, please contact:**

Sonal Choithani
Chief Brand & Communications Officer, Vedanta Group
Sonal.Choithani@vedanta.co.in
gc@vedanta.co.in

Disclaimer: This press release contains “forward-looking statements” – that is, statements related to future, not past, events. In this context, forward-looking statements often address our expected future business and financial performance, and often contain words such as “expects,” “anticipates,” “intends,” “plans,” “believes,” “seeks,” “should” or “will.” Forward-looking statements by their nature address matters that are, to different degrees, uncertain. For us, uncertainties arise from the behaviour of financial and metals markets including the London Metal Exchange, fluctuations in interest and or exchange rates and metal prices; from future integration of acquired businesses; and from numerous other matters of national, regional, and global scale, including those of a political, economic, business, competitive or regulatory nature. These uncertainties may cause our actual future results to be materially different than those expressed in our forward-looking statements. We do not undertake to update our forward-looking statements.